(ग) दो सदस्य अनुसूचित जाति के तथा एक सदस्य अनुसूचित जनजाति का है।

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक प्रस्ताव

616. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के उन औद्योगिक प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है जो केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) ये प्रस्ताव कब से लंबित पड़े हुए हैं ; और

(ग) इन प्रस्तावों को स्वीकृति न दिये जाने के क्या कारण है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० कुरियन) : (क) 31 जुलाई, 1991 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में औद्योगिक एकक लगाने के लिये 658 आवेदन लंबित पड़े थे।

(ख) और (ग) नयी औद्योगिक नीति के अनुसार सुरक्षा तथा सामरिक विषयों से संबद्ध उद्योगों को एक संक्षिप्त सूची को छोड़कर शेष सभी परियोजनाओं के लिये औद्योगिक लाइसेंस समाप्त कर दिया गया है। यदि उद्योग औद्योगिक नीति संबंधी वक्तव्य के परिशिष्ट-2 में शामिल नहीं है, निर्माण की मद लघु क्षेत्र के लिये आरक्षित नहीं है और स्थापना स्थल, स्थापना स्थल संबंधी नीति के अनुरूप है तो उद्यमी को भारत सरकार से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है।

Decline in Central Sector investment in Kerala

617. SHRI ARANGIL SREEDHARAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is fact that the Central Sector investment in Kerala has been steadily declining since 1973-74; and

(b) if so, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. K. THUNGON): (a) No, Sir. The Central Public Sector Investment in Kerala has not declined since 1973-74.

(b) Does not arise.

Request of Kerala Government to take over Punalur Paper Mills

618. SHRI ARANGIL SREEDHARAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the Kerala Government has requested the Central Government to direct the Hindustan News Print Limited to take over the Punalur Paper Mills Limited; and

(b) if so, what is the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. K. THUNGON): (a) A proposal for the take over of Punalur Paper Mills by HNL has been received from the Government of Kerala.

(b) According to the findings of a feasibility study conducted by Hindustan Newsprint Ltd. at the instance of Government of Kerala, it will not be viable to run the mill in the present state of its plant and machinery.

सेना कर्मियों की सेवा निवृत्ति की आयु में बढ़ोतरी

619. श्री अजीत जोगी : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सेना कर्मियों की सेवानिवृत्ति की आयु को भी 58 वर्ष तक बढ़ाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?